निदेशक की रिपोर्ट 2016–17

दिनांक 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष की सीएसआईआर–राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना मैं अपना सौभाग्य मानता हूँ। सीएसआईआर–एनएएल के निदेशक के रूप में 27 जून 2016 को पद भार ग्रहण करने के बाद यह मेरी पहली वार्षिक रिपोर्ट है। इस रिपोर्ट में वांतरिक्ष, सामरिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में संस्थान की विकास परियोजनाओं में हमारी उल्लेखनीय उपलब्धियों को समाहित किया गया है। मैं इस अवसर पर सीएसआईआर–एनएएल की संपूर्ण टीम के प्रयासों एवं योगदानों का अभिनंदन करता हूँ, जिनके कारण रिपोर्ट की सारवान विषयवस्तु प्राप्त हुई।

उपलब्धियां

सीएसआईआर–एनएएल की टीम के लिए अपने कार्यक्रमों एवं योगदानों के माध्यम से देश में वांतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विकास करने की दिशा में वर्ष 2016–17 अत्यंत चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा। यह वर्ष भी समूचे सीएसआईआर परिवार संस्थानों के लिए यादगार रहा, क्योंकि 26 सितंबर 2016 से सीएसआईआर अपनी स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। कई वर्षों से सीएसआईआर प्रयोगशालाएं अपने वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिक हस्तक्षेपों के बदौलत देश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में योगदान करती आ रही हैं।

इस यात्रा के प्रतीक के रूप में तथा सीएसआईआर के पणधारियों को सीएसआईआर की उपलब्धियों के बारे में अधिक स्पष्ट कराने, उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार करने के लिए देश–भर में सीएसआईआर प्लटिनम जयंती विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। सीएसआईआर प्लाटिनम जयंती टेक्नोफेस्ट 2016 इस क्रम में पहला कार्यक्रम था, जो 36वें अंतर्राष्ट्रीय टेड फेट के अंग के रूप में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 14–27 नवंबर 2016 को चलाया गया। इस प्रदर्शनी में 4600sq.m के हॉल नं. 12–A में सीएसआईआर ने अपनी प्रौद्योगिकियों,

वैज्ञानिक एवं सामाजिक योगदानों को प्रदर्शित किया। अनुमान है कि करीब 18 लाख लोगों ने इस ट्रेड फेर का संदर्शन किया। इस आयोजन से सीएसआईआर का बहुत अच्छा प्रचार हो सका और देश को सीएसआईआर के वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिक योगदानों की आम जनता को पूर्ण जानकारी मिल सकी।

सीएसआईआर–एनएएल ने भारत सरकार की `मेक–इन–इंडिया` के समर्थन में अनेक प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों का योगदान किया। इस अभियान में एनएएल का योगदान दोनों नागर मिलटरी विमानन क्षेत्र तथा वैमानिकी क्षेत्रों में व्याप्त है। इसके अलावा, हमारी

चित्र – 1 : सारस PTIN इंजन का बुनियादी परीक्षण प्रगति पर

चित्र-2 : एयरो-इंडिया 2017 में डॉ हर्ष वर्धन, माननीय वि-प्रौ तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री; डॉ गिरीश साहनी, महानिदेशक-सीएसआईआर; श्री जितेन्द्र जे जाधव, निदेशक-एनएएल; श्रीमती शिप्रा सिंह राणा, प्रबंध निदेशक-मेस्को एयरोस्पेस लि.



चित्र - 3: ARINC 818 IP कोर प्रदर्शन का सेट-अप

प्रयोगशाला ने सामरिक, अंतरिक्ष एवं सामाजिक क्षेत्र के अनेक कार्यक्रमों में भी अपार योगदार किया है। इस प्रकार मेरी रिपोर्ट इन सभी उल्लेखनीय योगदानों पर प्रकाश डालेगी।

नागर विमानन के क्षेत्र को योगदान

मुझे यह सांझा करते हुए हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2016-17 के दौरान सारस PTI-N वायुयान को टैक्सी परीक्षणें के लिए और विकासात्मक उड़ान परीक्षण के लिए तैयार किया गया। पहले, सितंबर 2016 में समन्वय बैठक में इस कार्यक्रम की समीक्षा की गई। इसमें सीएसआईआर-एनएएल, एएसटीई-भारतीय वायुसेना, सेमीलाक एवं डीजीसीक्यूए ने भाग लिया। इसके बाद प्रो.रोड्डम नरसिम्हा की अध्यक्षता एवं डॉ वी सारस्वत, सदस्य नीति आयोग की सह-अध्यक्षता में दिसंबर 2016 के दौरान एक विशेषज्ञ समिति ने कार्यक्रम की समीक्षा की। इस अध्ययन का उद्देश्य सारस PTI-N के डिजाइन संसाधनों एवं सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करना था। इसके अलावा, प्रणाली सुरक्षा के विश्लेषण, उड़ान यांत्रिकी एवं अनुकरण तथा उड़ान परीक्षण एवं यंत्रीकरण आदि पहलुओं की समीक्षा के लिए भी पृथक उप-समितियाँ बनाई गईं। पिछले वर्ष कुल मिलाकर दैनंदिन रखरखाव, प्रणाली कार्य एवं निष्पादन परीक्षण के लिए 25 इंजन बुनियादी परीक्षण [EGR] चलाए गए। अगले वर्ष [2017-18] सारस PTIN वायुयान, अपने वायुगतिक अभिलक्षण, हस्तन विशेषताएं, डिजाइन संवर्धन मोड की क्षमता एवं संबंधित सुरक्षण पहलुओं का मूल्यांकन करवाने के लिए विशेष विकासत्मक उड़ान भरेगा (चित्र-1)। RCMA ने अभिकल्प आशोधनों का अनुमोदन किया और निरीक्षण रिपोर्ट डीजीएक्यूए को प्रस्तुत की गई।

वर्तमान रिपोर्ट वर्ष के दौरान संपूर्ण ग्लास-कॉकपिट वाले न्यू जनेरेशन हंस (हंस-NG) के अभिकल्प एवं उत्पादन के संबंध में गहन अध्ययन किए गए। हंस -NG एवं CNM-S वायुयान के वाणिज्योपयुक्तता को बढ़ाने तथा उनकी बिक्री की उपयुक्तता में सुधार लाने की दिशा में अनेक प्रस्तावित संवर्धनों पर विचार-विमर्श करने हेतु हल्का प्रशिक्षण वायुयान-विशेष फोरम मीट-2016 के नाम से एक कार्यक्रम का आयोजन अक्तूबर 2016 में किया गया। हंस-3 वायुयान ने 11वें एयरो-इंडिया 2017 में सफलतापूर्वक उड़ान भरी। इसमें हंस-NG ग्लास कॉकपिट का प्रदर्शन एक प्रमुख आकर्षण रहा। अंतर्राष्ट्रीय वैमानिकी क्षेत्र में विपणन के अवसर बढ़ाने की दिशा में इस कार्यक्रम ने एक कारगर मंच प्रदान किया। एक हंस-3 को मेसर्स मेस्को एयरोस्पेस लिमिटेड को सुपुर्द किया गया और इस कंपनी ने हंस-NG वायुयान के लाईसेंस उत्पादन एवं विपणन करने में रुचि दिखाई (चित्र-2)।

मुझे हर्ष के साथ सूचित करना है कि हंस-3 मुम्बई मकें मेस्के संचालन हेतु उड़ी। जहां तक CNM-5 वायुयान परियोजना का सवाल है, संयुक्त परियोजना प्रबंधन बोर्ड (JPMB) की बैठक सितंबर 2016 और जनवरी 2017 में बुलाई गई। इसमें, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन प्राप्त करने की पहल, वाणिज्योपयुक्तता में सुधार लाने की दिशा में डिजाइन संशोधन, डीजल साइकिल इंजन की उपयुक्तता आदि बातों पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि भारत में प्रमाणन डीजीसीए से प्राप्त करने का प्रयास किया जाए। इसके लिए सीएसआईआर-एनएएल एवं महींद्रा एयरोस्पेस का संयुक्त प्रस्ताव विचाराधीन है।

वैमानिकी/विमानन के क्षेत्र में स्वदेशी विकास की दिशा में भी हमारा उल्लेखनीय योगदान रहा है। एनएएल द्वारा विकसित एयरपोर्ट रनवे दृश्यता निर्धारक प्रणाली `दृष्टि` को भारत के दस अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्टों में संस्थापित किया गया। इन सभी प्रणालियों का सत्यापन किया जा चुका है और क्लास-। प्रमाणन भी जारी किया जा चुका है। आगे, वर्ष के दौरान, टाटा पावर SED के माध्यम से भारतीय वायुसेना के अठारह एयरफील्डों के लिए 54 `दृष्टि`

प्रणालियों का कार्य संपन्न हुआ है। नई दिल्ली के IGI एयरपोर्ट में संस्थापित एकीकृत दृष्टि विमानन मौसमी मानिटरन प्रणाली (D-AWMS) का जो सख्त मान्यकरण किया गया, उसमें यह प्रणाली अत्यंत सफल उत्पाद के रूप में खरी उतरी। सिस्टम इंजीनियर वर्टिकल ने इस वर्ष IP शुद्ध प्रौद्योगिकी के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की। फास्ट ट्राक ट्रान्सलेशनल (FTT) परियोजना के अधीन अंतर्राष्ट्रीय मानक RTCA DO-254 के अंग के रूप में FPGA आधारित IP कोर - 818 के अभिकल्प, विकास एवं प्रमाणन कार्य, वैमानिकी वीडियो एवं डाटा हेतु सेमिलाक के प्रमाणन के अधीन हैं। (चित्र-3) इसके अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन के लिए मेसर्स एस्ट्रोनौटिक्स, सूएसए के साथ ऑपचारिक वार्ता चल रही है। विशाल स्क्रीन डिस्प्ले सिस्टम में ARINC 818 वीडियो इंटरफेस के साथ SAAB ने काफी रुचि दिखाई। बारहवीं पंच-वर्षीय योजना (FYP) के अंतर्गत, औपचारिक विधि-आधारित औजारों एवं प्लाटफार्म - आधारित फ्रेमवर्क के कार्य औद्योगिक उपयोग हुतु संपन्न हो चुके हैं और अनेक संगठन जैसे ADE, GTRE, RCMA एवं HSTL ने इस फ्रेमवर्क में रुचि दिखाई। उन्नत भौतिकी आधारित मल्टी-स्पेक्ट्रल इमेज सेन्सर अनुकरण साफ्टवेयर (MISSS) एवं संबद्ध औजारों को उड़ान अनुकारी के साथ एकीकृत किया गया ताकि यह संवर्धित संशिलष्ट दृश्य प्रणाली (ESVS) के अनुप्रयोगों हेतु काम आ सके। एयरो-इडिया 2017 में सारस अनुकारी पर ESVS के सामर्थ्य का सफल प्रदर्शन किया गया।

सीएसआईआर-एनएएल सूक्ष्मतम वायव यान (MAV) के विकास के लिए देश का एक प्रमूख एवं अग्रणी अभिकरण है। 12वीं पंच-वर्षीय योजना के अधीन, UAV क्लास-I स्थिर पंख, ऑटो पायलट,औटो-लैडिंग, विफल सुरक्षा पहलुओं के पूर्ण स्वतंत्र मोड में MAV के 100 से अधिक उड़ान परीक्षण सफलता- पूर्वक चलाए गए। एनएएल द्वारा विकसित औटो - पायलट कार्य प्रणाली में एनएएल के भू-नियंत्रण स्टेशन (GCS) की आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधन किए गए। 12वीं पंच-वर्षीय योजना के प्रशस्त मार्ग में आगे बढ़ते हुए एनएएल ने FTT परियोजना के अधीन मिनी UAV SUCHAN को विपणन-योग्य उत्पाद के रूप में प्रस्तुत किया। इस वाहन की सहनशक्ति में बढ़ोत्तरी लाने के सफल प्रयास किए गए और एनएएल के ऑटो-पायलट में सुरक्षा मोड़ जोड़े गए। EPP फोम से बने पंख तथा GFRP स्किन के जोड़ने से SUCHAN का वजन Kevlar पंखों की तुलना में 300-400 ग्राम कम हुआ। इन संशोधनों के बाद, यह वाहन अधिक क्षमता के साथ 100 से अधिक मिनट तक उड़ान भर सका। उपभोक्ता पारस्परिक विचार-विमर्श के अंग में, पश्चिम कमान वायुसेना के अधिकारियों को गांधीनगर, गुजरात में SUCHAN UAV उडान के प्रदर्शन दिखाए गए (चित्र-4 क,ख)। वर्ष के दौरान सूक्ष्म वायवयान अनुसंधान सुरंग (MART) में MAV फ्लाइट पंख पर अनुसंधान अध्ययन किए गए।

सामरिक क्षेत्र को योगदान

सामरिक क्षेत्र में स्वदेशी विकास को बल देने के साथ-साथ इस क्षेत्र के प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों में एनएएल ने जो उल्लेखनीय योगदान किया है इससे सामरिक क्षेत्र को आत्मनिर्भर होने में बहुत मदद मिली। FTT काय्रक्रम के तहत एनएएल ने अवध्वनिक रेंज में मार्क्स मैनशिप प्रशिक्षण हेतु आध्वनिक आधारित हिट-पहचान एवं विश्लेषण प्रणाली (ABHIAS) का विकास किया। मुख्यत: सामरिक बाजार में सेना-बल (थल-जल-वायु सेना), सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, एनएसजी, बीएसएफ, आदि शामिल हैं। माना जाए कि भारत भर में 2000 से अधिक फाइरिंग रेंज हैं, और प्रत्येक फाइरिंग रेंज में यदि कम कम 8 प्रणालियों की आवश्यकता भी हो तो इस स्वदेशी प्रणाली का अच्छा बाजार निश्चित है। यह प्रणाली फिलहाल सेना बल के पोषण में है और बीईएल, बेंगलूर के साथ समझौता-ज्ञापन अंतिम चरण पर है (चित्र-5)। इस प्रणाली की न केवल रखरखाव की लागत कम है, बल्कि आयातित प्रणाली की तुलना में इस स्वदेशी प्रणाली की कीमत 60 प्रतिशत कम है। आगे चालू FTT कार्यक्रमों के अधीन, हल्का-वजन चालक पौलिमर काम्म्पोज़िट आधारित वैमानिकी एनक्लोजर, हॉट बैन्डर तथा माइक्रो-सॉफ्ट हाईब्रिड ऑटोक्लेव निश्चय ही सामरिक क्षेत्र में काफी फायदेमंद साबित होंगे। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि वर्ष के दौरान, एनएएल द्वारा विकसित कार्बन फाइबर केलिए एयरोस्पेस [illegible]

चित्र - 4 क: 2m [illegible] SUCHAN UAV

चित्र - 4 ख: वायु सेना के अधिकारियों को SUCHAN UAV का प्रदर्शन

चित्र-5 : ABHIAS.

प्राप्त हुआ। रक्षा मंत्रालय इस प्रौद्योगिकी को मिधानी द्वारा 100 TPA कार्बन फाइबर संयत्र के निर्माण केलिए लेगा (चित्र-6)।

सीएसआईआर-एनएएल ने एडीए के तेजस कार्यक्रम में अपने योगदान को बरकरार रखा। एनएएल का उन्नत सम्मिश्र प्रभाग (A C D) सम्मिश्र संरचनाओं के अभिकल्प, विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में योगदान करते आ रहा है। इस वर्ष के दौरान, SP-4 से SP-7 तक के वायुयानों के लिए फिन और रडुर एसेब्लियों के तीन सेट सुपुर्द किए गए। एनएएल के गुणवत्ता आश्वासन के अधीन टीएएमएल, बेंगलूर ने फिन के सभी भाग, रडुर और सेंटर फ्यूजलाज भागों का उत्पादन किया। आगे, सीएसआईआर-एनएएल के नेतृत्व में राष्ट्रीय नियंत्रण विधि टीम ने LCA-तेजस के लिए नियंत्रण विधियों में संशोधन पूरा करके LCA-MK-1 वायुयान और प्रशिक्षण वायुयान के अंतिम प्रचालन निकासी (एफओस) का

चित्र-6 : 4 मार्च 2017 को श्री जितेन्द्र जे. जाधव, निदेशक, सीएसआईआर-एनएएल और डॉ. दिनेश कुमार लिखी, सीएमडी, मिधानी ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करार पर हस्ताक्षर किए।

रास्ता प्रशस्त किया। Air-to-Air री-फ्यूयलिंग मोड़ के लिए एयर डाटा एल्गोरिथमों का विकास किया गया। संशोधित SKI जम्प टेक-ऑफ मोड के साथ 12 स्काई जम्प संपन्न किए गए (चित्र-7)। एयरो-इंडिया 2017 इन सबकी उड़ान हुई। वायुसेना एवं नौसेना के LCA वायुयानों की नियंत्रण विधियों के मूल्यांकन के लिए वर्ष के दौरान एनएएल की DELS सुविधा का पूरा पूरा उपयोग किया गया। सीएसआईआर-एनएएल ने एडीए के राष्ट्रीय उन्नत मध्यम लड़ाकू वायुयान कार्यक्रम (AMCA) में महत्वपूर्ण योगदान किया। एनएएल ने संरचनात्मक डिजाइन एवं विकास में पूरा पूरा समर्थन किया। AMCA के तृतीय चरण में AMCA 3B-09 वर्शन मॉडल का उपयोग करते हुए एयरफ्रेम की डिजाइन टीम ने पंख और उसके नियंत्रण पृष्ठ की मजबूती एवं दुर्बलताओं पर इष्टतम अध्ययन जारी रखा। वर्ष के दौरान मुख्य लैंडिंग गियर के अग्रवर्ती प्रतिकर्षण का प्रारंभिक गतिक, फ्लटर विश्लेषण एवं डिजाइन के कार्य पूरे किए गए (चित्र-8)। AMCA के पूर्ण-मापी एयर इन-टेक डक्ट को एडीए को सुपुर्द किया गया।

मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता होती है कि सीएसआईआर- एनएएल ने भारतीय वायु सेना के मिराज वायुयानों

चित्र-8 : AMCA परिमित तत्व मॉडल

चित्र-7 : एलसीए के नैवल वर्शन के अनुकारी का सेटअप

उन्नयन कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान किया जैसे (क) CFD मेश फ्री साल्वर युक्त स्टोर पृथक्करण सूट का विकास किया गयाऔर आयुध एकीकरण अध्ययन किए गए ताकि एकल एवं बहुल स्टेर रिलीज के साथ 96 विन्यासों के टेजक्टरी अभिकलन किए जा सके (चित्र-9), (ख) त्रि-विमीय CAD मौडल से गतिक अभिलक्षण वाले वायुयान का परिमित तत्व मॉडल निकाला गया जिससे विभिन्न स्टोर विन्यास वाले वायुयान स्थैतिक प्रतिबल एवं गतिक विश्लेषण किया जा सकेगा, (ग) लोड विलय एवं प्रतिक्रियाओं के अभिकलन हेतु वायु-यांत्रिक भार-विश्लेषण (घ) उड़ान निकासी हेतु स्थायित्व एवं नियंत्रण (SC) विश्लेषण करने में आवश्यक डाटा देने के उद्देश्य से मिराज वायुयान पर वायु-यांत्रिक अध्ययन।

सामरिक क्षेत्र में एनएएल के अन्य प्रमुख योगदान कुछ इस प्रकार हैं: एयरटेक के निष्पादन का अध्ययन करने हेतु एडीए केलिए वायुयान विन्यास पर पवन सुरंग परीक्षण किए गए। घरेलू विकसित सेमी-कैप्टिव ट्रेजक्टरी रिग का उपयोग करते हुए डीआरडीएल के लिए SU-30 वायुयान के प्रतिरूप के मिसाइल विन्यास संबंधी वायुगतिक ग्रिड डाटा निकालने हेतु पवन सुरंग परीक्षण किए गए (चित्र-10)। DO-228 वायुयान की HTT-40 इंजन नोदक प्रणाली का विर्ल फ्टर अनुमान; उड़ान परीक्षण एवं उड़ान-मध्य डाटा विश्लेषण; 12वी पंचवर्षीय योजना के अधीन 1 KN लघु गैस टरबाइन इंजनों के विलिन घटकों का विकास, जैसे एकल-चरण के



चित्र-9: मिराज से चार बमों का सैल्वो रिलीज।
(ए) प्रारंभिक स्थिति में बम, और (बी) बाद में बम की स्थिति

अक्षीय टरबाइन, मिश्रित प्रवाह प्रेरक, दहनतंत्र नोजल, रोटार आदि; डीआरडीओ के पंछी कार्यक्रम हेतु 65 HP वैंकल रोटरी वहनतंत्र इंजन के प्रथम प्रोटोटाइप का विकास; 1.2m और 2m लंबाई के ऑटोक्लेव को दिसंबर 2016 में सफलतापूर्वक एडीए के यहाँ संस्थापित किया गया। विफलता विश्लेषण एवं दुर्घटना-जांच सीएसआईआर-एनएएल के अत्यंत प्रमुख कार्यों में से है। इस दिशा में इस वर्ष के प्रमुंख योगदान यह था कि भारतीय वायुसेना के वायुयान में पाइपलाइनों के लचीले जोड़ण में विफलता का विश्लेषण किया गया। आगे देश में स्टेल्थ प्रौद्योगिकी में बढ़ती रुचि को देखते हुए स्टेल्थ प्लाटफार्म के लिए जो ब्राड-बैंड रडार अवशोषक की आवश्यकता बढ़ गई। अत: एनएएल के विद्युतचुंबकी केंद्र में FSS आधारित RAS का अभिकल्प एवं विश्लेषण का कार्य आरंभ किया गया।

अंतरिक्ष-कार्यों में योगदान

अंतरिक्ष विभाग के साथ सीएसआईआर-एनएएल का सहसंबंध दोनों के लिए हमेशा फायदेमंद रहा। वर्ष के दौरान इसरों के विभिन्न प्रक्षेपण-यानों एवं क्रू-निकास प्रणाली के वायुगतिक अभिलक्षणीकरण के संदर्भ में एनएएल की 1.2m पवन सुरंग सुविधा में अनेक परीक्षण किए गए। आध्वनिक परीक्षण सुविधा (ATF) भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए इसरों के प्रक्षेपण यानों के आध्वनिक परीक्षण/योग्यता परीक्षण

में अपना महत्वपूर्ण समर्थन देती आ रहीहै। वर्ष के दौरान, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मई 23 को पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी प्रदर्शक (RLVTD) की प्रथम परीक्षण उडान सफलतापूर्वक संपन्न की। सीएसआईआर-एनएएल ने इसरो के कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एनएएल के एटीएफ ने यान निष्पादन को निर्धारित करने के लिए विभिन्न ध्वनि दबाव स्तरों पर ध्वनिक परीक्षणों की श्रृंखला आयोजन की। ध्वनिक परीक्षणों के दौरान RLV-TD मुख्य पेलोड के साथ सक्रिय था और प्रचालन में भी था (चित्र-11)। विमान के आपात कोण के आरोहण और अवरोहण चरणों में और ध्वनि की चौगुनी गति पर RLV-TD का पवन सुरंग परीक्षण किया गया था (चित्र-12)। RLV-TD के अन्य वि-प्रौ कार्यों में उल्लेखनीय हैं: परिमित तत्व विश्लेषण; ट्रांसोनिक बुफे आकलन के लिए वायुप्रत्यास्थ परीक्षण; तथा प्रायोगिक उड़ान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फ्लटर निकासी वर्ष में, पुन: अभिकल्पित LVM-3 प्रमोचन यान के सभी प्रमुख घटकों के ध्वनिक योगयता परीक्षण किए गए और GSLV MK-11 के L-40 स्ट्रापों के इलेक्ट्रॉनिक डेक पर परीक्षण किए गए। इसरो की एक और बड़ी उपलब्धि में "उन्नत प्रौद्योगिकी यान" रॉकेट नामक 2-चरण वाले रॉकेट को सफलतापूर्वक संचालित किया गया जो माख 6 (ध्वनि की गति के छ: गुना) गति पर उड़ान भरने में सक्षम था। इसके फलरूवरूप भारत उन चार देशों की श्रेणी में आ गया है जो ऐसा कर सके।

चित्र-10 : 1.2m सुरंग में मूल वायुयान के साथ आरूढ़ मॉडल

एनएएल के पवन सुरंग परीक्षणों ने संपूर्ण वायुगतिकीय बल के निर्धारण और संपूर्ण विन्यास में योगदान दिया है। इन मापनों ने उड़ान के दौरान यान की स्थिरता के बारे में महत्वपूर्ण वायुगतिकीय डेटा और पराध्वनिक दहन की शर्तों के तहत एयर-इनटेक के प्रदर्शन का आकलन किया। जैसा कि हम जानते हैं कि इनसैट श्रेणी के उपग्रह उच्च संकल्प रेडियोमीटर (VHRR) के IR संसूचकों को ठंडा करने के लिए सन-शील्ड दर्पण का उपयोग करते हैं। ये सन-शील्ड पैनल 6061 T651 एलूमीनियम मिश्र धातु की सतहों से अत्यधिक प्रतिबिंबित दर्पण के जैसे बने होते हैं। उल्लेखनीय है कि ISRO द्वारा सितंबर 08, 2016 को प्रमोचित INSAT 3 DR में सीएसआईआर-एनएएल के पृष्ठीय अभियांत्रिकी प्रभाग में पृष्ठीय आशोधित सन-शील्ड का उपयोग किया गया है। इस वर्ष के दौरान एक अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि

चित्र-11 : अनुरणन चैंबर में RLV-TD उड़ान यान

चित्र–12 : 1.2m सुरंग में आरूढ़ RLV एसेंट फेज मॉडल



चित्र–13 : सुपर इलास्टिक NiTi SMA उत्पाद (क) स्ट्रिप, और (ख) स्टेंट ग्राफ्ट के निर्माण रिंग

में एनएएल के नेतृत्व वाले पीपीपी ने शार, इसरो से लगभग 100 मिलियन रुपये के आदेश प्राप्त किए और वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम के लिए लैब–मापी आटोक्लेव को संस्थापित किया।

विशेष सामग्री विकास

सीएसआईआर–एनएएल ने विशेष सामग्री के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्ष में उपलब्धियां वास्तव में उल्लेखनीय हैं। 20–40 कि.ग्रा की गलन क्षमता के NiTi शेप मेमोरी मिश्र धातु का उत्पादन करने के लिए 4 मार्च, 2017 को प्रौद्योगिकी को रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र, मिधानी को सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया है। उम्मीद है कि 2017 के अंत में मिधानी से अभियांत्रिकी उत्पाद वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध होगें। प्रयोगशाला ने श्री चित्रा तिरुनाल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम एवं फ्रंटियर लाइफ–लाइन हॉस्पिटल, चेन्नई के साथ NiTi SAM स्टेन्ट, चिकित्सा प्रत्यारोपण और चिकित्सा उपकरणों के अभिकल्प और विकास के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए (चित्र–13)। ऊर्जा संचयन के लिए PVDF फिल्मों को विकसित कर अभिलक्षणीकरण किया गया। एनएएल ने अतिध्वनिक परीक्षण प्रदर्शक यानों (HSTDV) के अनुप्रयोगों के लिए नियर नेट शेप नोज़ टिप और पंख लीडिंग एड्ज के C_f / SiC सम्मिश्रों के विकास की परियोजना ली। सीएसआईआर – एनएएल में एफटीटी परियोजनाओं के तहत, एक विशालतम चुम्बकी प्रतिरोध (जीएमआर) आधारित गियर टूथ पोजीशन सेंसर का सफलतापूर्वक विकास किया गया। संवेदक को सफलतापूर्वक टीवीएस मोटरबाइक में स्थापित किया गया और वाहन की सहन शक्ति का परीक्षण चल रहा है। संवेदक ने ESD के साथ EMI15 KV तक के EMCपरीक्षणों में ARAI द्वारा योग्यता प्राप्त की है (चित्र–14)। संक्षारण प्रतिरोधी लेपन के क्षेत्र में, ROHS और REACH मानकों की क्रोमेट मुक्त एनोडीकरण प्रक्रिया ने उत्कृष्ट संक्षारण का सरकार की प्रेरणा के साथ सामाजिक प्रदर्शन किया। स्केल–अप प्रक्रिया को प्रदर्शित करने के लिए पायलट स्केल स्थापित किया गया है। इस प्रक्रिया को प्रमुख वांतरिक्ष फर्म बोइंग एंड एयरबस को प्रदर्शित किया गया और उन्हेंने इसके अनुप्रयोगों में गहरी रुचि प्रकट की।

सामाजिक मिशन के कार्यकलाप

सरकार की प्रेरणा के साथ सामाजिक लाभ वाली स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सीएसआईआर–एनएएल का निष्पादन प्रशंसनीय रहा है। एनएएल ने अपने औद्योगिक भागीदार मेसर्स अपर्णा टेन्यूनल एनजी सिस्टम्स (ARES) के साथ मिलकर बेंगलूरु के विज्ञान और प्रौद्योगिकी शैक्षणिक संस्थानों में 1 KW की विश (WiSH) पुन:प्रायोज्य ऊर्जा का संस्थापन करने की पहल की है। वर्ष के दौरान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों से तीन अन्य आदेश प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिकत, सीएसआईआर–800 बैनर कार्यक्रम के अंतर्गत भुवनेश्वर में सीएसआईआर–आईएमएमटी परिसर में 1 kW हाइब्रिड सिस्टम के चार यूनिट स्थापित किए जाएंगे। FTT कार्यक्रम के तहत, एनएएल ने भारतीय उप महाद्वीप के अनुकूल 4 kW और 10 kW विश प्रणाली का अभिकल्प और विकास किया है। दिन में कम से कम 8 घंटे केलिए 4kW और ऑफ–ग्रिड ग्रामीण आबादी की ऊर्जा मांग के अनुरूप समुदायिक स्तर पर 10 kW की प्रणाली का अभिकल्प किया गया है। एनएएल में (4–10 kW) और केआरईडीएल, नगरभावी, बेंगलूरु में (10–15 kW) संकर प्रणाली की स्थापना प्रगति पर है (चित्र–15)।

मुझे यह सूचित करते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि वर्ष के दौरान लैब–स्केल ऑटोक्लोव के लिए आईआईटी–मुंबई से चौथी मांग प्राप्त हुई है।

चित्र–14 (क) : 0 से 5 वोल्ट आऊटपुट पल्स के साथ फेरस गियर, सेंसर IC और गति सेंसर मॉड्यूल (बी) टीवीएस विक्टर मोटरबाइक में आरूढ़ सीएसआईआर–एनएएल सेंसर तथा (ग) 75 किमी / घंटे की वाहन की गति के साथ ओडोमीटर रीडिंग



चित्र 15 : 4 kW NALWIN पवन टरबाइन

अ–वि निष्पादन संसूचक

वर्ष के दौरान प्रयोगशाला के अ–वि निष्पादन संसूचक उल्लेखनीय हैं। सीएसआईआर–एनएएल को वर्ष 2016–17 के दौरान बाह्य अभिकरणों से रु.26.77 करोड़ की 45 नई प्रायोजित परियोजनाएं और रु.28.35 करोड़ की 32 अनुदान प्राप्त परियोजनाएं मिलीं। एनएएल का बाह्य ऋण नकद प्रवाह रु.86.13 करोड़ हैं, जिसमें रु.5 करोड़ इसरो से है जो 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत एनटीएफ़ संवर्धन कार्यक्रम केलिए है। नकद प्रवाह का 90% सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों के योगदान से है।

इस वर्ष, बाहरी अभिकरणों के साथ 59 समझौता ज्ञापनों/एनडीए पर हस्ताक्षर हुए, जैसे, इंजीनियरिंग और बयोमेडिकल अनुप्रयोग हेतु Ni–Ti आधारित SMA पदार्थ के वाणिज्यीकरण केलिए मिधानी, हैदराबाद के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करार; बोइंग, यूएसए और एयर बस एसएएस, फ्रान्स के साथ परियोजना करार; मिराज वायुयान हेतु E&M मॉड किट केलिए एचएएल, बेंगलूर के साथ करार; पवन सौर हाइब्रिड सिस्टम के विकास हेतु एनज़ेन ग्लोबल सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलूरु के साथ करार; वायुयान के विभिन्न बड़े सम्मिश्र भागों के विनिर्माण की सम्मिश्र विनिर्माण यूनिट की स्थापना केलिए आदित्य बिरला मैनेजमेंट कार्पोरेशन प्राईवेट लिमिटेड, मुम्बई के साथ समझौता ज्ञापन; और अनुसंधान परक तथा शैक्षिक संस्थानों के साथ संपर्क बढ़ाने के उद्देश्य से महा-विद्यालयों / विश्व-विद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन, आदि। इस वर्ष के IP पोर्टफोलियों में 7 विदेशी पेटेन्टों के साथ भारत में 4 नए पेटेन्ट के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। सीएसआईआर को 4 कॉपीराइट प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। प्रकाशनों की कुल संख्या 370 रही, जिनमें 131 जर्नल लेख और 239 सम्मेलन के लेख रहे।

वर्ष के दौरान सीएसआईआर–एनएएल ने दो प्रमुख कार्यक्रमों/प्रदर्शनियों में भाग लिया। इनमें से पहला है 14–27 नवंबर 2016 को 36वें इंडिया इंटरनैशनल ट्रेड फेर, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 'सीएसआईआर मेगा एक्स्पो- सीएसआईआर प्लैटिनम जयंती टेक्नोफेस्ट 2016'. एनएएल टीम के प्रयास एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु एयरोस्पेस थीम पेविलियान को 'प्लैटिनम एवार्ड' लगातार दूसरे वर्ष भी प्राप्त हुआ (चित्र–16)। आगे, सीएसआईआर–एनएएल ने फरवरी 14–18 तक यलहंका वायुसेना स्टेशन, बेंगलूरु में ओजित 5 दिवसीय कार्यक्रम 11वीं एयरो इंडिया 2017 प्रदर्शनी में भाग लिया। सीएसआईआर–एनएएल के हंस को Mi–17 हेलीकाप्टर, स्वेदश में बनाए गए एचएएल के उत्पाद नामत: LCH, ALH, LCA के साथ इस कार्यक्रम में प्रदर्शित किया गया। प्रयोगशाला ने एयरो इंडिया 2017 में एक उत्तम स्टॉल लगाया और वांतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अपनी उत्कृष्ट तथा तकनीकी सामर्थ्यों का प्रदर्शन किया। MESCO एयरोस्पेस लिमिटेड को डॉ हर्ष वर्धन, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री एवं डॉ गिरीश साहनी, सचिव, डीएसआईआर तथा महा निदेशक, सीएसआईआर (चित्र 16) की उपस्थिति में हंस–3 का हस्तांतरण इस प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण रहा। मैं, टीम एनएएल को इन दोनों कार्यक्रमों के सफल आयोजन केलिए बधाई देता हूँ।

सम्मान और पुरस्कारों में, वर्ष 2016–17 सीएसआईआर–एनएएल केलिए एक सफल वर्ष रहा कि इसे समूचे देश में एक प्रमुख वांतरिक्ष प्रयोगशाला के रूप में पहचान मिली। इस वर्ष के उल्लेखनीय पुरस्कार थे: (i) सी–कैड के साथ एसीडी टीम को काम्पोज़िट डोम के साथ फ्यूज़लेज बल्कहेड का समाकलन करते हुए 14 सीटर नागर नागर विमान 'सारस' के विकास हेतु JEC एशिया–2016 इन्नोवेशन पुरस्कार (ii) एसीडी कोपालिमर विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अनुसंधान हेतु पेट्रोकेमिकल्स एण्ड डाउनस्ट्रीम प्लास्टिक प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार का 7वाँ नैशनल अवार्ड फॉर टेक्नॉलजी इन्नोवेशन पुरस्कार (iii) 'LED आधारित दृष्टि ट्रान्स–मिसोमीटर' हेतु सीएसआईआर टेक्नॉलजी इन्नोवेशन पुरस्कार 2016 (iv) एस सतीश कुमार, नोदन प्रभाग ने वर्ष 2016–17 हेतु इन्स्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर (इंडिया) से वातरिक्ष इंजीनियरिंग के क्षेत्र में गौरवान्वित 'IEI Young Engineers Award' प्राप्त किया तथा (v) आर वी लक्ष्मी, एसईडी ने रसायन विज्ञान में वर्ष 2016 हेतु युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा हमारी प्रयोगशाला के कई वैज्ञानिकों ने व्यक्तिश:/सामूहिक रूप से पुरस्कार प्राप्त किए हैं, संपादकीय बोर्ड के सदस्य तथा राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय पत्रिकाओं के संवीक्षक के रूप में नामित हुए हैं, उत्तम लेख पुरस्कार

चित्र 16 : सीएसआईआर प्लैटिनम जुबली टेक्नोफेस्ट 2016 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु टीम एनएएल को एयरोस्पेस थीम फोर एक्सलेंस का प्लैटिनम पुरस्कार

प्रयोगशाला की उपलब्धियों के लिए मैं अनुसंधान परिषद्, प्रभागीय वैज्ञानिक समितियों, सीएसआईआर – एनएएल की प्रबंधन परिषद्, महानिदेशक–सीएसआईआर तथा सीएसआईआर मुख्यालय, नई दिल्ली के समस्त कर्मचारियों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हुए

धन्यवाद देता हूँ। हमारे हितधारकों; डीआरडीओ, इसरो, डीजीसीए, एडीए, एचएएल, वायुसेना मुख्यालय, एआरडीबी, डीएसटी, डीएई, रक्षा सेवा, एमओई, आईएमडी तथा अन्य अंतराष्ट्रीय संगठनों को मैं उनके समर्थन के लिए आभार देता हूँ, जिन्होंने अनेक अनुसंधान एवं विकास परक

परियोजनाओं को प्रायोजितकरते हुए हम परविश्वास किया है। इनके प्रयास, सहयोग, सलाह तथा विश्वास के कारण हमारी तमाम उपलब्धियाँ संभव हो पाई हैं। अंत में, सीएसआईआर–एनएएल के सभी वैज्ञानिकों तथा अन्य कर्मचारियों को संगठन के विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता केलिए धन्यवाद देता हूँ।

जितेन्द्र जे जाधव
निदेशक

Report of the Director 2016-17

It is my privilege to present the Annual Report of the CSIR-National Aerospace Laboratories for the year ended 31st March 2017. This is my first annual report after taking over as Director, CSIR- NAL on 27th June 2017. The report summarizes the significant contributions made by the institution towards the development programs of the aerospace, strategic and societal sectors. I take this opportunity to acknowledge the efforts and contributions of the entire CSIR-NAL team that has given life and substance to this report.

Highlights

2016-17 was very challenging year for CSIR-NAL in terms of its programmes and contributions to the development of aerospace S&T in the country. The year was also a memorable year for the entire CSIR institutions & family as CSIR entered its 75th year of its foundation beginning from 26th September 2016. Over the years, all CSIR laboratories through their S&T interventions have contributed to the socio-economic development of the country. To mark this successful journey and for large-scale dissemination of information on the accomplishment leading to greater visibility of CSIR amongst its diverse stake holders CSIR is organizing 'CSIR-Platinum Jubilee Science Exhibition' throughout the nation. The first one being a Mega Expo 'CSIR Platinum Jubilee Technofest 2016' as a part of 36th India International Trade Fair, Pragati Maidan, New Delhi, held during 14-27 November 2016. For this purpose, CSIR exhibited its technologies, contributions to science & society in a space of more than 4600 sq m in Hall No. 12A. An estimate of about 18 lakh people visited the trade fair. The event helped CSIR in wide publicity amongst the general public and created awareness on CSIR contributions to the science & technology and societal benefits to the nation.

CSIR-NAL has contributed many technologies and products towards furthering the "Make in India" National Mission of the Government of India. The laboratory's contribution towards this mission is spread across both civil and military aeronautics / aviation sectors. In addition to this, our laboratory has also contributed to the strategic, space and societal sector programs. Thus my report will focus on the significant contributions made under all the categories.

Contributions to the Civil Sector

I am happy to share that during 2016-17, SARAS PT1N aircraft has been readied for taxi trials & developmental flight testing. The programme was reviewed first in September 2016 by a co-ordination

Fig. 1 SARAS PT1N engine ground run in progress.

Fig. 2 Hon'ble Minister for S&T & ES Dr Harsh Vardhan, Dr. Girish Sahni, DG-CSIR, Mr Jitendra J Jadhav, Director-NAL and Ms Shipra Singh Rana, MD-MESCO Aerospace Ltd. at the Aero India 2017.



Fig. 3 ARINC 818 IP core demonstration set-up.

meeting between CSIR-NAL, ASTE-IAF, CEMILAC and DGAQA, and followed by an Expert Committee meeting chaired by Prof. Roddam Narasimha and co-chaired by Dr.V Saraswat, Member, NiTi Aayog in December 2016. The study was aimed at review of design modifications implemented on SARAS PT1N and safety aspects. Separate Sub-Committees were also formed for review on system safety analysis, flight mechanics & simulation and flight test plan and instrumentation. A total of 25 engine ground runs (EGR) were carried out in the last year covering routine maintenance, system functional and performance test. In the coming year (2017-18) SARAS PT1N aircraft will be used to carry out specific number of developmental flights to evaluate the aerodynamic characteristics, handling qualities, efficacy of design improvement mode and the related safety aspects *(Fig.1)*. The design modifications are cleared by RCMA and inspection reports submitted to DGAQA.

